





# ग्राम संगठन

## प्रशिक्षण मार्गदर्शिका

### भाग - 1


जीविका

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति**

प्रथम तल, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना - 800 021, बिहार / दूरभाष सं. : 0612 - 2504980 / 81 / ईमेल : info@brlp.in वेबसाइट : www.brlp.in

# 1 एकता में शक्ति

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर क्या समझ रहे हैं?

**उत्तर** : दो महिला घास से पतली रस्सी बना रही है।

**प्रश्न** : यदि घास कमजोर होगा तो रस्सी कैसी बनेगी?

**उत्तर** : रस्सी कमजोर होगी।

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर क्या समझ रहे हैं?

**उत्तर** : एक बकरी पतली रस्सी से बंधी हुई है।

**प्रश्न** : रस्सी कमजोर होती तो क्या होता?

**उत्तर** : रस्सी तोड़कर बकरी भाग जाती।





# 2 एकता में शक्ति

**प्रश्न** : इस चित्र में आप क्या देख रहे हैं?

**उत्तर** : महिलाएँ पतली-पतली रस्सियों से मोटी रस्सी बना रही है।

**प्रश्न** : यदि पतली रस्सियाँ कमजोर होती तो क्या होता?

**उत्तर** : उनको जोड़ने से बनने वाली मोटी रस्सी मजबूत नहीं होती।

**प्रश्न** : इस चित्र में आप क्या देख रहे है?


**उत्तर** : एक बड़ा हाथी मोटी रस्सी से बँधा हुआ है।

**प्रश्न** : रस्सी कमजोर होती तो क्या होता?

**उत्तर** : रस्सी तोड़कर हाथी भाग जाता।

**(पतली रस्सी को समूह और मोटी रस्सी को ग्राम संगठन का उदाहरण देकर समझाना चाहिए। साथ ही बकरी को छोटा काम और हाथी को बड़ा काम का उदाहरण देकर समझाना चाहिए। वैसे कार्य जो स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ नहीं कर सकती है, ग्राम संगठन वैसे कार्यों को करने के बारे में सोच सकता है।)**





# 3 गरीब परिवार की कहानी

**प्रश्न** : लड़की क्या कर रही है?

**उत्तर** : पानी का घड़ा लेकर आ रही है।

**प्रश्न** : उसके मन में क्या चल रहा है?

**उत्तर** : काश वह स्कूल जा पाती।

**प्रश्न** : उसके माता-पिता क्या करते हैं?

**उत्तर** : मजदूरी।

**प्रश्न** : क्या उनको साल भर मजदूरी मिलती है?

**उत्तर** : नहीं।

**प्रश्न** : यदि नहीं तो साल भर खाने के पैसे होते होंगे?

**उत्तर** : नहीं।

**प्रश्न** : इस चित्र में आप क्या देख रहे हैं?

**उत्तर** : जब काम नहीं मिलता है तो भरपेट खाना भी नहीं मिलता है।

**प्रश्न** : क्या ऐसा आपने कभी अनुभव किया है?

**उत्तर** : हाँ।

**प्रश्न** : पैसा नहीं हाने पर या खाना नहीं रहने पर यह परिवार कहाँ से पैसे ले रहा है?

**उत्तर** : महाजन से।

**प्रश्न** : सही से खान-पान नहीं होने पर क्या हुआ?

**उत्तर** : घर का मुखिया बीमार पड़ गया। जिसके कारण बच्चों को काम करना पड़ रहा है और वे स्कूल नहीं जा पा रहे है।

**(फेसिलिटेटर को गरीबी के इस दुष्चक्र के बारे में विस्तार से बताना चाहिए)**


50
50

## 4 गरीबी के दुष्चक्र

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर आप क्या समझ रहे हैं?

**उत्तर** : एक शराबी है जो शराब के नशे में धुत है जिससे वह बीमार हो गया है।

**प्रश्न** : डॉक्टर क्या कर रहा है?

**उत्तर** : डॉक्टर शराबी मरीज के बीमार होने पर जाँच कर रहा है।

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर आप क्या समझ रहे हैं?

**उत्तर** : बीमार होने की स्थिति में वह अपना काम (मजदूरी) नहीं कर पा रहा है, जिससे उसकी प्रतिदिन की आमदनी रूक गयी है।


**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर आप क्या समझ रहे हैं?

**उत्तर** : पैसों के अभाव में और अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए वह महाजन के पास जाता है। जो उसे कुछ पैसों की मदद देता है।

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर आप क्या समझ रहे हैं?

**उत्तर** : पैसों की एक नियमित मदद से उसके परिवार के प्रतिदिन की जरूरतें हमेशा पूरी नहीं हो सकती हैं। कुछ दिन के बाद उसके परिवार में आर्थिक तंगी की वजह से भूखों मरने की नौबत आ जाती है, और अंततः परिवार का मुखिया फिर से बीमार हो जाता है।

**( फेसिलिटेटर को इस उदाहरण द्वारा यह समझाना चाहिए की किसी व्यक्ति को नशे की गलत आदत से दुर रहना चाहिए क्योंकि नशे के आदत से भी परिवार गरीबी के चक्र में फंस जाता है )**


100

## 5 सामाजिक समस्याओं का निदान-ग्राम संगठन

**प्रश्न** : इस चित्र में आप क्या देख रहे हैं?

**उत्तर** : पति शराब पीकर अपनी पत्नी को मार रहा है।

**प्रश्न** : बच्चे क्या कर रहे हैं?

**उत्तर** : बच्चे अपने पिता की इस बर्त्ताव पर दुखी है, डरे हुए हैं और रो रहे हैं।


**प्रश्न** : ये महिलाएँ क्या कर रही है?

**उत्तर** : महिलाएँ उसके पति को छुड़ा रही है।

**प्रश्न** : ये महिलाएँ कहाँ की महिलाएँ हैं?

**उत्तर** : ग्राम संगठन की।

**(फैसिलिटेटर को यह समझाना चाहिए कि गरीबी जैसी सामाजिक समस्या का निदान एक स्वयं सहायता समूह की बजाए अगर ग्राम संगठन स्तर पर किया जाए तो बेहतर तरीके से उसका समाधान ढूँढा जा सकता है।)**



# 6 ग्राम संगठन के प्रशिक्षण का महत्त्व

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है ?

**उत्तर** : ग्राम संगठन का प्रशिक्षण चल रहा है।

**प्रश्न** : यह प्रशिक्षण कौन दे रहा है?

**उत्तर** : जो ग्राम संगठन के बारे में जानते हैं वही प्रशिक्षण दे सकता है।

**( ग्राम संगठन के सभी सदस्य को नियमित प्रशिक्षण में भाग लेना चाहिए, फेसिलिटेटर को इसके महत्त्व के बारे में बताना चाहिए। )**



# 7 तकनीक एवं सामूहिक कार्य-आय वृद्धि के मूल कारक

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : महिलाएँ धान की रोपनी कर रही है।

**प्रश्न** : किस विधि से धान की रोपनी कर रही है?

**उत्तर** : श्री विधि से।

**प्रश्न** : श्री विधि तकनीक से रोपनी के बारे में कौन बता रही है?

**उत्तर** : ग्राम संगठन के प्रशिक्षित सदस्य।


**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?


**उत्तर** : धान को गाँव में एकत्रित किया गया है। कुछ महिलाएँ धान को सुखा रही है। कुछ महिलाएँ बोरे में भर रही है। कुछ महिलाएँ दूसरे की मदद से एकत्रित किए गये धान को बाजार में बेचने के लिए तैयारी कर रही है।

**प्रश्न** : यह सब महिलाएँ कौन है?

**उत्तर** : ग्राम संगठन के सदस्य।

**(फेसिलिटेटर को ग्राम संगठन द्वारा किए जा सकने वाले गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताना चाहिए।)**





# 8 ग्राम संगठन क्यों?

फैसिलिटेटर को चार्ट संख्या 1-7 के चर्चाओं के निष्कर्ष के बारे में बताना चाहिए।

1. एकता में शक्ति
2. खाद्य सुरक्षा (Food Security)
3. सामाजिक समस्याओं का निदान
4. प्रशिक्षण / ज्ञानवर्धन
5. तकनीक का प्रयोग
6. सामूहिक कार्य

**(ऊपर दिये गये बिन्दुओं पर यदि ग्राम पंचायत कार्य करेगा तो धीरे-धीरे गरीबी को समाप्त किया जा सकता है।)**



# 9 एकता में शक्ति

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : चारों कोनें में स्वयं सहायता समूह और बीच में ग्राम संगठन के सदस्य हाथ उठाये खड़े है।

**प्रश्न** : एक दूसरे का हाथ पकड़ना किसका प्रतिक है?

**उत्तर** : एकता का।

**( ग्राम संगठन से जुड़ने पर गाँव में सद्‌भाव एवं एकता आती है। फेसिलिटेटर को इसके बारे में विस्तार पूर्वक समझाना चाहिए। )**



# 10 ग्राम संगठन में सीमित सदस्यता - क्यों?


**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : एक नाव में बहुत सारी महिलाएँ बैठी हुई हैं और नाँव डूब रहा है।

**प्रश्न** : नाव क्यों डूब रहा है?

**उत्तर** : इस छोटे से नाव पर बहुत ज्यादा लोग सवार हैं (इसी प्रकार ग्राम संगठन में बहुत ज्यादा लोग होने से ग्राम संगठन ठीक से नहीं चल पाएगा।)

**( फेसिलिटेटर को इस विषय पर चर्चा करना चाहिए। )**



## 11 ग्राम संगठन का गठन

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर आप क्या समझ रहे हैं ?

**उत्तर** : हर स्वयं सहायता समूह से चुने गये दो-दो प्रतिनिधि ग्राम संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए आ रहे है। ग्राम संगठन की बैठक चल रही है। एक गाँव के हर स्वयं सहायता समूह से दो-दो सदस्य ग्राम संगठन में प्रतिनिधित्व करते है।

**( फैसिलिटेटर को स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं का कार्य एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताना चाहिए। )**



# 12 ग्राम संगठन के सदस्यों की जिम्मेदारी

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : ग्राम संगठन की बैठक चल रही है। स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधित्व ग्राम संगठन की बैठक में भाग लेने के उपरान्त स्वयं सहायता समूह में वापस आ रही है।

**प्रश्न** : स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि को ग्राम संगठन की बैठक के उपरान्त अपने-अपने स्वयं सहयता समूह में क्या करना चाहिए?

**उत्तर** : सभी प्रतिनिधि ग्राम संगठन में हुए चर्चे एवं लिए गए निर्णयों के बारे में सिलसिलेवार तरीके से सभी स्वयं सहायता सदस्यों को बताना चाहिए।

**( फेसिलिटेटर को इससे होने वाले फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करना चाहिए। )**




# 13 ग्राम संगठन का निर्माण

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर आप क्या समझ रहे हैं ?

**उत्तर** : सबसे उपर महासभा की बैठक हो रही है जिसमें उससे जूड़ी सभी स्वयं सहायता समूह की सदस्या भाग ले रही हैं। इस महासभा (जेनरल बॉडी मिटिंग) में सभी स्वयं सहायता समूह से दो-दो प्रतिनिधि चुनकर ग्राम संगठन का कार्यकारिणी समिति बनाते है। कार्यकारिणी के सभी सदस्य आपस में चर्चा कार निम्न पाँच पदाधिकारी चुनते है।

(1) अध्यक्ष (2) उपाध्यक्ष (3) सचिव (4) उपसचिव (5) कोषाध्यक्ष

**( फेसिलिटेटर को ग्राम संगठन के निर्माण करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत चर्चा करनी चाहिए। )**



# 14 महासभा का आयोजन

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : महासभा का आयोजन किया जा रहा है।

**प्रश्न** : इसमें कौन लोग भाग ले रहे हैं?

**उत्तर** : ग्राम सभा से जुड़ हुए सभी स्वयं सहायता समूह के सदस्य महासभा में भाग ले रहे हैं।

**प्रश्न** : महासभा की बैठक कब-कब होना चाहिए?

**उत्तर** : साल में कम-से-कम एक बार महासभा का आयोजन होना अनिवार्य है।

**प्रश्न** : एक महिला माईक पर क्या बोल रही है?

**उत्तर** : सभा में उपस्थित सभी सदस्यों को ग्राम संगठन के द्वारा किए गये कार्यों के बारे में एवं ग्राम संगठन के आय और व्यय की स्थिति के बारे में बताया जा रहा है।

**( फेसिलिटेटर को महासभा कैसे आयोजन करना चाहिए इस विषय पर विस्तृत जानकारी देना अनिवार्य होगा। )**



## 15 मजबूत समूह-मजबूत ग्राम संगठन

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : एक मकान जो बन रहा था वह ढ़ह गया है और उसका मालिक उदास होकर बैठा हुआ है।

**प्रश्न** : किन कारणों से बनता हुआ मकान ढ़ह जाने का डर होता है?

**उत्तर** : (1) नींव कमजोर होने पर

(2) खराब सामग्री के इस्तेमाल होने पर


(3) जल्दी-जल्दी घर बनाने पर

**( फेसिलिटेटर को निम्न बातों का विस्तारपूर्वक सभी सदस्यों को बताना चाहिए**

**( १ ) जिस प्रकार घर की नींव मजबूत होने पर घर मजबूत बनता है उसी प्रकार यदि स्वयं सहायता समूह होंगे तो ग्राम संगठन भी मजबूत होगा।**

**( २ ) जिस प्रकार खराब सामग्री के इस्तेमाल से अच्छा मकान नहीं बन सकता उसी प्रकार अच्छे स्वयं सहायता समूह के बगैर अच्छा ग्राम संगठन नहीं बन सकता।**

**( ३ ) जिस प्रकार एक अच्छा मकान बनाने में वक्त लगता है उसी प्रकार एक मजबूत ग्राम संगठन बनाने में भी कुछ समय लगता है, इसलिए ग्राम संगठन का नियमित बैठक अनिवार्य है एवं नियुक्त प्रतिनिधियों का भाग लेना बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। )**



## 16 मजबूत समूह-मजबूत ग्राम संगठन मजबूत प्रखण्ड स्तरीय संगठन

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर आप क्या समझ रहे हैं?

**उत्तर** : ग्राम संगठन के सभी सदस्य एक दूसरे से हाथ मिलाये एकता का परिचय दे रहे हैं और खुश है।


**प्रश्न** : यह महिलाएँ कहाँ खड़ी है?

**उत्तर** : सभी महिलाएँ एक चबूतरे पर खड़ी हैं, जिसमें दोनो तरफ से दिवार है और उपर छत है।

**( फेसिलिटेटर को निम्न बातों का विस्तारपूर्वक समझाना चाहिए।**

**( १ ) चबूतरों का तात्पर्य यहाँ नींव से है। जिस प्रकार एक मजबूत मकान के लिये एक मजबूत नींव होना जरूरी है, उसी प्रकार मजबूत ग्राम संगठन के लिए मजबूत स्वयं सहायता समूह का होना जरूरी है।**

**( २ ) दोनों तरफ की दीवार ग्राम संगठन का प्रतीक है और छत प्रखंड स्तरीय संगठन का। यदि दीवार मजबूत न हो तो छत मजबूत नहीं रह सकता उसी प्रकार एक अच्छे संगठन होने के लिए मजबूत समूह और मजबूत ग्राम संगठन होना जरूरी है। तभी आगे चलकर एक मजबूत प्रखंड स्तरीय संगठन बन सकता है। मजबूत संगठन गरीबी को दूर करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। )**



# 17 ग्राम संगठन की बैठक

**प्रश्न** : इस चित्र को देखकर आप क्या समझ रहे हैं?

**उत्तर** : ग्राम संगठन की बैठक चल रही है।

**प्रश्न** : यह अच्छी बैठक या खराब?

**उत्तर** : खराब।

**प्रश्न** : क्यों?

**उत्तर** : बहुत सारी स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि नहीं आये है। ग्राम संगठन ने प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य अनुपस्थित हैं। सभी स्वयं सहायता समूह में प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की उपस्थिति हर ग्राम संगठन की बैठक में बहुत महत्वपूर्ण है। अन्यथा बैठक सुचारू रूप से नहीं चल सकता और ग्राम संगठन मजबूत नहीं हो पायेगा।

**( फेसिलिटेटर को ग्राम संगठन की बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति के महत्व के बारे में विस्तापूर्वक समझाना चाहिए। )**



# 18 ग्राम संगठन की बैठक

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : यह एक ग्राम संगठन की अच्छी बैठक चल रही है।

**प्रश्न** : इस बैठक में कौन-कौन है?

**उत्तर** : ग्राम संगठन से जुड़े सभी स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि मौजूद हैं। ग्राम संगठन में चुने गये पाँचों पदाधिकारी अपने स्थान पर बैठे है। इस ग्राम संगठन में सामूदायिक संगठक लेखा-जोखा का कार्य कर रही है। ग्राम संगठन की बैठक में कुछ अन्य अतिथिगण भी मौजूद है।

**( फेसिलिटेटर को ग्राम सभा की बैठक में सभी प्रतिनिधियों के बैठने के स्थान के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करनी चाहिए। )**



## 19 ग्राम संगठन का कार्य

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : एक स्वयं सहायता समूह की बैठक चल रही है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ कुछ अन्य महिलाओं को समूह से जुड़ने का निमंत्रण दे रही है।

**प्रश्न** : किस तरह की महिलाएँ समूह से जुड़ने के लिए आ रही है?

**उत्तर** : ये महिलाएँ गरीबों में से गरीब परिवार की है। ग्राम संगठन का एक महत्वपूर्ण कार्य यह भी है कि छुटे हुए गरीब परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाए।

**( फेसिलिटेटर को इसकी आवश्यकता एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करनी चाहिए )**



# 20 सी॰ आर॰ पी॰ द्वारा समूह का प्रशिक्षण

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : एक स्वयं सहायता समूह का प्रशिक्षण चल रहा है।

**प्रश्न** : यह प्रशिक्षण कौन दे रहा है?

**उत्तर** : ग्राम संगठन द्वारा नियुक्त की गयी प्रशिक्षित सामुदायिक साधन सेवी (सी.आर.पी.) प्रशिक्षण दे रही है।

**प्रश्न** : किस तरह के समूह को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है?

**उत्तर** : यह एक कमजोर स्वयं सहायता समूह है जो ग्राम संगठन से जुड़ी हुई है। ग्राम संगठन को अपने से जुड़ी सभी स्वयं सहायता समूहों का हर माह आकलन कर कमजोर स्वयं सहायता समूह की पहचान करनी चाहिए और उसकी मजबूती हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए।

**( फेसिलिटेटर को ग्राम संगठन के इस कार्य के महत्त्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताना चाहिए। )**



## 21 ग्राम संगठन का कार्य

**प्रश्न** : इस चित्र में क्या हो रहा है?

**उत्तर** : सभी स्वयं सहायत समूहों को समूह से संबधित खाता-बही प्रदान की जा रही है।

**प्रश्न** : यह खाता-बही कौन दे रहा है?

**उत्तर** : स्वयं सहायता से जुड़े खाता-बही, बक्सा इत्यादि ग्राम संगठन के द्वारा दिया जा रहा है।

**(फेसिलिटेटर को ग्राम संगठन की इस सुविधा के महत्व के बारे में चर्चा करनी चाहिए।)**

